## एमएसएमई के बीच उद्योग 4.0 बेसलाइन सर्वेक्षण

- दूरसंचार विभाग ने उद्योग की उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने के माध्यम से संगठनों और स्टार्टअप की सहायता करने के उद्देश्य से एक नई पहल की योजना बनाने की घोषणा की है।
- इसने एमएसएमई के बीच **"उद्योग 4.0 एक बेस लाइन सर्वेक्षण"** के प्रस्ताव का आह्वान किया है जो डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने और **5जी और 6जी प्रौद्योगिकियों** के आगमन के लिए उद्योगों को तैयार करने के व्यापक विजन के साथ संरेखित करता है।
- सर्वेक्षण **60 दिनों की अवधि में** भारत के उत्तर और दक्षिणी हिस्सों में प्रत्येक में **पांच क्षेत्रों को कवर** करेगा।

**लक्ष्य:**

- सर्वेक्षण का लक्ष्य उद्योग 4.0 को अपनाने तथा उन्नत तकनीकों का उपयोग करने में **एमएसएमई के सामने आने वाली चुनौतियों को समझना** है।
- सर्वेक्षण का उद्देश्य **एआई, आईओटी, क्लाउड कंप्यूटिंग और 5जी और 6जी नेटवर्क** के एकीकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली क्षमताओं का लाभ उठाने में सक्षम एक मजबूत इको-सिस्टम के लिए आधार तैयार करना है।
- इसमें कम से कम 10 क्षेत्रों में सेक्टर-विशिष्ट आवश्यकताओं की पहचान करना और प्राथमिकताएं शामिल होंगी, जिसमें एमएसएमई के विविध परिदृश्य को चिन्हित करना तथा नवाचार और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए लक्षित समर्थन प्रदान करना है।

## चर्चित - व्यक्तित्व

| | | |
|---|---|---|
| **सुनीता विलियम्स** | ❖ अमरीका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा में **भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री** सुनीता विलियम्स प्रथम चालक दल अभियान में **बोइंग स्टारलाइनर पर सवार होकर अंतरिक्ष में उड़ान भरने वाली पहली महिला** बनी हैं। इस मिशन में उनके साथी बुच विल्मोर भी उनके साथ थे।<br>❖ 59 वर्षीय सुनीता विलियम्स ने नए मानव रेटेड अंतरिक्ष यान के पहले अभियान पर उड़ान भरने वाली पहली महिला बनकर इतिहास रच दिया है।<br>❖ यह उड़ान **फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन में स्पेस लॉन्च कॉम्प्लेक्स-41** से यूनाइटेड लॉन्च एलायंस के एटलस वी रॉकेट से भरी गई। |  |
| **हेलेन मैरी रॉबर्ट्स** | ❖ यह पाकिस्तान आर्मी मेडिकल कोर में **ब्रिगेडियर** के पद पर पदोन्नत होने वाली ईसाई और अल्पसंख्यक समुदाय की पहली महिला बनी है। |  |

## वैश्विक समसामयिकी

| | | |
|---|---|---|
| **स्वीडन** | ❖ स्वीडिश वाहन निर्माता कंपनी वोल्वो कार्स दुनिया का पहला ईवी बैटरी पासपोर्ट लॉन्च करेगी, जिसमें उसके प्रमुख **ईएक्स90 एसयूवी के लिए कच्चे माल, घटकों, पुनर्नवीनीकृत सामग्री और कार्बन फुटप्रिंट की उत्पत्ति का रिकॉर्ड** होगा।<br>❖ वोल्वो यह पासपोर्ट यूरोपीय संघ के नियमों से जारी करेगी।<br>❖ **फरवरी 2027** से यूरोपीय संघ में बेचे जाने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए बैटरी पासपोर्ट अनिवार्य हो जाएगा, जिसमें बैटरी की संरचना, प्रमुख सामग्रियों की उत्पत्ति, उनके कार्बन पदचिह्न और पुनर्चक्रित सामग्री सहित जानकारी दर्शाई जाएगी।<br>❖ **ईवी बैटरी पासपोर्ट वोल्वो और यूके-आधारित स्टार्टअप सर्कुलर के बीच सहयोग का परिणाम है,** जो कंपनियों के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं को मैप करने के लिए ब्लॉकचेन तकनीक का उपयोग करता है। |  |
| **इंडोनेशिया** | ❖ इंडोनेशिया के **माउंट इबू ज्वालामुखी** में एक ही दिन में दो बार विस्फोट हुआ, जिससे रात के आसमान में चमकदार लाल लावा और चट्टानें उड़ीं और ज्वालामुखीय बिजली का प्रदर्शन हुआ।<br>❖ ज्वालामुखी एजेंसी पीवीएमबीजी के अनुसार पूर्वी द्वीप हलमाहेरा पर स्थित **1,325 मीटर** ऊंचा ज्वालामुखी दो बार फटा।<br>➢ पहला विस्फोट स्थानीय समयानुसार सुबह 1:30 बजे हुआ, जिसमें बिजली चमकने के साथ ही चमकदार लावा और चट्टानें निकलीं।<br>➢ दूसरा विस्फोट सुबह 7:46 बजे दो मिनट के लिए हुआ, जिससे ज्वालामुखी की राख 1,200 मीटर तक ऊंची उठी। |  |
| **नीदरलैंड** | ❖ **वाणिज्य मंत्रालय** के आंकड़ों के अनुसार, 2023-24 के दौरान **नीदरलैंड अमेरिका और यूएई के बाद भारत का तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य बनकर** उभरा है।<br>❖ पिछले वित्त वर्ष में नीदरलैंड में जिन मुख्य वस्तुओं के निर्यात में अच्छी वृद्धि दर्ज की गई, उनमें **पेट्रोलियम उत्पाद ($14.29 बिलियन), इलेक्ट्रिकल सामान, रसायन और फार्मास्यूटिकल्स** शामिल हैं। |  |

## विभिन्न राज्यों से महत्वपूर्ण समसामयिकी

| | | |
|---|---|---|
| **कर्नाटक, धारवाड़** | ❖ **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) धारवाड़** के शिक्षकों और छात्रों की एक टीम ने एक अग्नि बचाव सहायक ड्रोन विकसित किया ।<br>❖ प्रोफेसर सुधीर सिद्धपुरेड्डी और प्रोफेसर अमीर मुल्ला ने TiHAN फाउंडेशन , IIT हैदराबाद (NMICPS, भारत सरकार) से वित्त पोषण के साथ , टीम का नेतृत्व किया। |  |

## महत्वपूर्ण दिन/तारीख

| | | |
|---|---|---|
| **6 जून** | **विश्व कीट दिवस**<br> | ❖ स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के लिए **कीट प्रबंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाने** के लिए प्रत्येक वर्ष 6 जून को विश्व कीट दिवस मनाया जाता है।<br>❖ इसका उद्देश्य दुनिया भर के कीट प्रबंधन संगठनों को एक साथ लाकर उद्योग के प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।<br>❖ **कीट पृथ्वी पर सबसे विविध जीवों में से एक है।** इनकी दस लाख से अधिक प्रजातियाँ पृथ्वी पर मौजूद हैं। कीट, प्रकृति का महत्वपूर्ण हिस्सा होने के बावजूद भी यह फसलों को नुक्सान पहुंचाते हैं जिससे **खाद्य सुरक्षा और मनुष्य को खतरा हो सकता है।** |

## पुरस्कार

| | | |
|---|---|---|
| **यूएन डब्ल्यूएसआईएस 2024 पुरस्कार** | ❖ भारत सरकार के प्रमुख दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास केंद्र, सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स **(सी-डॉट)** को, "सेल ब्रॉडकास्ट इमरजेंसी अलर्टिंग के जरिये **मोबाइल-सक्षम आपदा लचीलापन" परियोजना** के लिए संयुक्त राष्ट्र के डब्ल्यूएसआईएस 2024 "चैंपियन" पुरस्कार से सम्मानित किया गया।<br>❖ इसको 'जीवन के सभी पहलुओं में लाभ - ई-पर्यावरण' की श्रेणी में एआई, सी-7, ई-पर्यावरण के तहत मान्यता प्राप्त है।<br>❖ सी-डॉट का मोबाइल-सक्षम सेल ब्रॉडकास्ट इमरजेंसी अलर्टिंग प्लेटफॉर्म सेलुलर नेटवर्क के माध्यम से **मोबाइल फोन पर जीवन-रक्षक आपातकालीन सूचना की लगभग रियल टाइम डिलीवरी** के लिए एक एंड-टू-एंड समाधान है। | |
| **हिंदी साहित्य भारती पुरस्कार** | ❖ मुंबई पुलिस की आतंकवाद निरोधी इकाई फोर्स वन के प्रमुख के रूप में प्रसिद्ध **कृष्ण प्रकाश** को हिंदी साहित्य भारती पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।<br>❖ यह सम्मान मुंबई में आयोजित **सब में राम शाश्वत श्री राम बहुसांस्कृतिक** |  |

| | | |
|---|---|---|
| | **महोत्सव** के दौरान दिया गया। | |
| **गुडलेप्पा हल्लीकेरी पुरस्कार** | ❖ कवि और नाटककार **सिद्धलिंग पट्टानाशेट्टी** को गुडलेप्पा हल्लीकेरी मेमोरियल फाउंडेशन, होसरिट्टी (हावेरी जिला) द्वारा 2024 के प्रतिष्ठित गुडलेप्पा हल्लीकेरी पुरस्कार के लिए चुना गया है।<br>❖ गुडलेप्पा हल्लीकेरी पुरस्कार उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने **साहित्य, समाज या सामाजिक सेवा में महत्वपूर्ण योगदान** दिया है। |  |

## संक्षिप्त समाचार

- हाल ही में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर **'एक पेड़ मां के नाम'** अभियान का शुभारंभ किया।
  - प्रधानमंत्री ने **दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क** में एक **पीपल का पेड़** लगाकर सभी देशवासियों से हमारे ग्रह को बेहतर बनाने में योगदान देने का भी अनुरोध किया है। और कहा कि  यह सतत विकास की दिशा में हमारे प्रयासों के लिए बहुत अच्छा प्रयास है।

❍❍❍❍

ONLYIAS BY PHYSICS WALLAH